# नौ विभागों में नए अध्यक्षों को मिली नियुक्ति

## डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने जारी किया आदेश

जागरण संवाददाता • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह के अनुमोदन पर नौ विभागों में वरिष्ठता के आधार पर नए विभागाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनमें कई विभाग ऐसे भी हैं, जहां एक-एक प्रोफेसर को दो और तीन विभाग की जिम्मेदारी भी दी गई है। शुक्रवार को प्रभारी कुलसचिव डा. अमित कुमार राय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

इनमें राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को कंप्यूटर साइंस विभाग, कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता अवनीश चंद्र मिश्रा को इतिहास व समाज कार्य, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सीके दीक्षित को रसायन विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी व माइक्रो बायोलाजी विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है।

अंग्रेजी विभाग के आचार्य प्रो. विनोद कुमार सिंह को अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग, राजनीतिशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. अश्वनी कुमार दुबे को राजनीतिशास्त्र एवं लोक प्रशासन व वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. संजीव गुप्ता को वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय का कहना है कि जिन विभागों में प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर हैं, उन्हीं को विभागाध्यक्ष का कार्यभार मिल सकता है।

**आठ अक्टूबर तक जमा होंगे छात्रावास के आवेदन :** डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने छात्रावास में पूर्व आवासित एवं नव प्रवेशित दिव्यांग व गैर दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छात्रावास के लिए आनलाइन आवेदन फार्म जमा करने का मौका आठ अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। अभी तक 25 सितंबर तक समय दिया गया था।

**डीफार्म में भी सीटें खाली :** विश्वविद्यालय ने डी.फार्म कोर्स में खाली सीटों पर पंजीकरण के लिए मौका दिया है। अभ्यर्थी 28 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। कोर्स में कुल 10 सीटें खाली हैं। इनमें पांच सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे की भी शामिल हैं। वहीं, विश्वविद्यालय ने बी.एड विशेष शिक्षा में खाली सीटों के सापेक्ष तीसरी मेरिट जारी की है। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 30 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी।



### भाषण में काजल प्रथम

कालीचरण पीजी कालेज में शुक्रवार को 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप्स का विकास', 'स्थानीय उत्पादों का प्रोत्साहन' और 'कौशल विकास' पर जोर दिया। प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि प्रथम पुरस्कार बी.ए पांचवें सेमेस्टर की काजल मिश्रा, द्वितीय पुरस्कार एम.ए प्रथम सेमेस्टर के अजीत सिंह और तृतीय पुरस्कार बी.ए तीसरे सेमेस्टर के छात्र अभिषेक शुक्ला को मिला।

## प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू



जासं • लखनऊ : नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस पद के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी संकायाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है। विभागों को प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस की नियुक्ति के लिए स्पष्ट कारणों सहित संस्तुति भेजने के लिए कहा गया है। विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर नियुक्ति संबंधी गाइडलाइन भी जारी की है।

विद्या परिषद की बैठक में प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई है। इन पदों की नियुक्ति के लिए बनी समिति के अध्यक्ष कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डीन या हेड, एक बाहरी विशेषज्ञ और कुलसचिव को सचिव के तौर पर शामिल किया गया है। प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस में असाधारण उपलब्धियों वाले पेशेवरों को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। ये प्रोफेसर किसी उद्योग, विश्वविद्यालय या सम्माननीय से वित्तपोषित होंगे। इन्हें पाठ्यक्रम व पाठ्यचर्या को विकसित व डिजाइन करना, नए पाठ्यक्रम पेश करना और विश्वविद्यालय नीति के अनुसार व्याख्यान देने समेत कई अन्य कार्य करने होंगे। इनकी नियुक्तियों की संख्या कुल स्वीकृत पदों के 10 फीसदी से अधिक नहीं होगी। उनका कार्यकाल एक से तीन वर्षों के लिए होगा।

## सुपर न्यूमैरिक आरक्षण के तहत पीएचडी के लिए आए 19 आवेदन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत 19 शिक्षकों ने सुपर न्यूमेरिक आरक्षण के तहत पीएच.डी के लिए आवेदन किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) के अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय ने बताया कि प्रवेश के लिए विभिन्न विषयों के शिक्षक के कुल 19 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन को भेज दिया है। सभी की प्रवेश की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। इसकी सूचना शिक्षकों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी शिक्षक ने अभी तक आवेदन नहीं किया है तो वह अध्यक्ष, महामंत्री या लुआक्टा के किसी भी पदाधिकारी के माध्यम से अपना आवेदन पत्र दे सकते हैं।

# पुनर्वास विवि के नौ विभागों में नये अध्यक्ष हुए नियुक्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के नौ विभागों के विभागाध्यक्षों को बदल दिया गया। कुलपति प्रो. संजय सिंह की मंजूरी के बाद कुलसचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया। सभी शिक्षक विवि के अधिनियम में की व्यवस्था के क्रम में दायित्व को निर्धारित अवधि तक निभाएंगे। कुलसचिव की ओर से जारी पत्र में प्रो. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रो. अवनीश चंद्र को इतिहास, प्रो. चंद्र कुमार दीक्षित को रसायन विज्ञान, गणित ए?वं सांख्यिकी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग का विभागध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह से अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर प्रो. विनोद कुमार सिंह, राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग के विभागध्यक्ष पद पर प्रो. अश्वनी कुमार दुबे व डॉ. संजीव गुप्ता को वाणिज्य विभाग के हेड की जिम्मेदारी दी गई है।

**छात्राओं ने राजभवन में दी प्रस्तुतियां** :स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के क्रम में पुनर्वास विवि की छात्राओं ने राजभवन में महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने यह कार्यक्रम डॉ. कौशिकी सिंह की अगुवाई में तैयार किया था। इसके जरिए समाज के जरूरी मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करवाया। इसके साथ विवि के हिंदी विभाग में हिंदी पखवाड़े पर भाषण, निबंध लेखन, कविता, टिप्पणी लेखन व अन्य प्रतियोगिताएं हुई। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## सार-संक्षेप



राजभवन में प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### राजभवन में डॉ शकुंतला मिश्रा विवि के छात्रों ने दी प्रस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि के छात्रों ने राजभवन में राज्यपाल के समक्ष सांस्कतिक कार्यकम प्रस्तुत किया। पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति छात्र-छात्राओं ने दिया। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कौशिकी सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत इन सभी प्रस्तुतियों में विश्वविद्यालय के सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। नाटक के माध्यम से धूम्रपान निषेध, स्वच्छता सभी का कर्तव्य है, प्लास्टिक बैन, सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह जैसे संदेश देकर लोगों को जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक दूसरे नाट्य प्रस्तुति में महिला सशक्तीकरण पर बल दिया गया। समाज में स्वच्छता के साथ महिलाओं का मान-सम्मान बनाये रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नाट्य कलाकारों द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं पेड़ लगाने की शपथ भी दिलायी गयी।

### डॉ. शकुंतला मिश्रा विवि में 9 नए विभागाध्यक्ष नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नौ विभागों में नए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने 9 विभागों में नए विभागाध्यक्ष नियुक्त किए जिसमें कम्प्यूटर विज्ञान में प्रो राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, इतिहास में प्रो अवनीश चंद्र मिश्र, समाज कार्य में प्रो अवनीश चंद्र मिश्र, रसायन, गणित, साख्यिकी और माइक्रोबायोलाजी प्रो चंद्र कुमार दीक्षित, अंग्रेजी व अन्य विदेशी भाषा में प्रो विनोद कुमार सिंह, राजनीति शास्त्र व लोक प्रशासन में प्रो अश्वनी कुमार दूबे और वाणिज्य में डॉ संजीव गुप्ता नियुक्त किए गए हैं।

# पुनर्वास विवि: 9 विभागों में नए हेड तैनात

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊः शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 9 विभागों में नए हेड की तैनाती की गई है। वीसी प्रो. संजय सिंह की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। चार विभाग ऐसे हैं जिसमें वहीं के प्रफेसरों को हेड बनाया गया, जबकि पांच विभागों में सीनियर फैकल्टी न होने के चलते डीन को हेड का जिम्मा सौंपा गया है। इन सभी का कार्यकाल तीन साल का होगा।

**तीन साल के लिए दी गई तैनाती**

हेड बनने वालों में विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सीके दीक्षित को सर्वाधिक तीन विभागों का जिम्मा दिया गया है। इसमें रसायन विभाग, गणित व सांख्यिकी और माइक्रोबायॉलजी विभाग का हेड बनाया गया है। इसी तरह कला संकाय के डीन प्रो. अवनीश मिश्रा को इतिहास और समाजकार्य विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा विभाग के ही प्रफेसरों को हेड बनाए जाने वालों में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रो. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अंग्रेजी विभाग में प्रो. विनोद कुमार सिंह, पॉलिटिकल साइंस में प्रो. अश्विनी कुमार दुबे और वाणिज्य संकाय में डॉ. संजीव गुप्ता को हेड बनाया गया है।

## बीफार्मा की सभी सीटें भरीं

■ **एनबीटी सं, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित बीफार्मा पाठ्यक्रम में पहली ही काउंसलिंग में सारी सीटें फुल हो गईं हैं। शुक्रवार को एलयू के न्यू कैंपस में काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। इसमें सीटें बचने पर दूसरे राउंड की काउंसलिंग आयोजित की जानी थी। लेकिन बड़ी संख्या में छात्र दाखिला लेने के लिए पहुंचे गए ऐसे में देर शाम तक सभी 110 सीटों पर दाखिले हो गए। बीफार्मा में एलयू ने पहली बार सीयूईटी के माध्यम से दाखिले लिए हैं। अब तक एकेटीयू की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिले लिए जाते थे।

## LU के गौरव बने विजेता




■ **एनबीटी सं, लखनऊः** एमिटी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को स्कूल ऑफ लॉ की ओर से संवैधानिक कानून पर क्विज का आयोजन किया गया। इसमें शहर के कई संस्थान के लॉ स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इसमें एलयू के गौरव चावला को सबसे ज्यादा सवालों के जवाब देने पर क्विज का विजेता घोषित किया गया। जिन्हें 15 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई है। वहीं एलयू की ही मधुलिका उपाध्याय रनरअप रहीं।

ज्ञान देने पर जोर है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश परिस्थितियों में यह चार वर्षों से ज्यादा

# पुनर्वास विवि में बदले गए नौ विभागों के अध्यक्ष

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नौ विभागों के अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। कुलपति प्रो. संजय सिंह की मंजूरी के बाद कुलसचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सभी शिक्षक विवि के अधिनियम में की गई व्यवस्था के क्रम में दायित्व को निर्धारित अवधि तक निभाएंगे। कुलसचिव की ओर से जारी पत्र में प्रो. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रो. अवनीश चंद्र को इतिहास, प्रो. चंद्र कुमार दीक्षित को रसायन विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रो. विनोद कुमार सिंह को अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग, प्रो. अश्वनी कुमार दुबे को राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन और डॉ. संजीव गुप्ता को वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष पर की जिम्मेदारी दी गई है।

# पुनर्वास विवि के नौ विभागों में नए अध्यक्ष

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के नौ विभागों के विभागाध्यक्षों को बदल दिया गया। कुलपति प्रो. संजय सिंह की मंजूरी के बाद कुलसचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया।

कुलसचिव की ओर से जारी पत्र में प्रो. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रो. अवनीश चंद्र को इतिहास, प्रो. चंद्र कुमार दीक्षित को रसायन विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग का विभागध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह अन्य विभागों में नियुक्ति हुई हैं।

# खाली सीटों पर आवेदन का अंतिम मौका

## शकुंतला विवि

लखनऊ, संवाददाता। शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक और परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर आवेदन का अंतिम मौका शनिवार को रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों की 810 रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर कई कोर्स में सीटें खाली रह गई हैं। इन्हें भरने के लिए कुलपति के अनुमोदन के बाद



दोबारा से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया था। प्रवक्ता के अनुसार बीबीए, एमबीए, बीएससी, बीकॉम, बीटेक, एमटेक और एमएड पाठ्यक्रम में रिक्त सीटें हैं।

सभी कोर्स में आठ सौ के करीब सीटें रिक्त हैं। स्नातक और परास्नातक स्तर पर 551 और तकनीकी पाठ्यक्रमों में 259 सीटें खाली हैं।

**810** रिक्त सीटें हैं यूजी और पीजी की संस्थान में

### सीयूईटी से दाखिला

प्रवक्ता ने बताया कि बीकॉम, बीकॉम एलएलबी, बीएससी सीएस एवं आईटी, बीबीए और बीवीए कोर्स में सीयूईटी पास करने वाले विद्यार्थी आवेदन के पात्र होंगे। इसमें क्रमश: 24, 24, 7, 9 और 10 सीटें खाली हैं। बीटेक में खाली सीटों पर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत अंक और जेईई मेन या सीयूईटी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे।

माथुर, प्रो. मधु रीमा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

## छात्राओं ने राजभवन में दीं प्रस्तुतियां

लखनऊ। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के क्रम में पुनर्वास विवि की छात्राओं राजभवन में महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने यह कार्यक्रम डॉ. कौशिकी सिंह के नेतृत्व में तैयार किया था। इसके माध्यम से उन्होंने समाज के जरूरी मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करवाया। इसके साथ विवि के हिंदी विभाग में हिंदी पखवाड़े पर भाषण, निबंध लेखन, कविता, टिप्पणी लेखन व अन्य प्रतियोगिताएं हुईं। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। (संवाद)

ान,
सिंह
रहे।

# एक नजर

## हिंदी पखवाड़ा के तहत हुए विविध कार्यक्रम

अमृत विचार,लखनऊ : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अन्तर्गत 14 से 27 सितंबर 2024 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण, निबन्ध, कविता, टिप्पणी लेखन एवं टंकण प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो यशवंत वीरोदय ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।